# पाठ्य पुस्तक
# कस्तूरी

4



सॉविनिर पब्लिशर्स प्रा. लि.

# TEACHER'S BOOK

# पाठ्य पुस्तक कस्तूरी - 4

## अध्याय - 1 बादल चले गए वे

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

   (क) (i) सलोने (ख) (ii) बादल (ग) (ii) संगी (घ) (iii) नीला

**कविता से**

1. **पढ़ो, समझो और प्रश्नों के उत्तर दो :**

   (क) बादलों ने आकाश को कैसे सजाया है?
   बादलों ने आकाश को सलोने चित्र बनाकर सजाया।

   (ख) बादलों के जाने के बाद पर्यावरण कैसा हो जाता है?
   बादलों के चले जाने के बाद पर्यावरण हरा-भरा और पीले फूलों से सजा होता है।

   (ग) सर्दियों की सुबह को उज्जवल और गीला क्यों कहा है?
   सर्दियों की सुबह को उज्जवल और गीला कहा जाता है, क्योंकि सूरज के उगने पर ओस की बूँदे शीशे की तरह चमकने लगती हैं।

   (घ) जीवन को नवलतरंगी क्यों कहा गया है?
   जीवन को नवलतरंगी इसलिए कहा गया है, क्योंकि कभी सुख, कभी दुःख, कभी हँसी और कभी आँसू मिलते रहते हैं। सारा समय एक जैसा नहीं होता है।

   (ङ) जीवन की तुलना अतिथि से क्यों की गई है?
   जीवन की तुलना अतिथि से इसलिए की गई है, क्योंकि मनुष्य इस संसार में अतिथि की तरह ही आता है। फिर मृत्यु के बाद वह इस संसार से चला जाता है।

2. **बताओ :**

   **कविता में बादलों को किन-किन रूपों में चित्रित किया गया है?**
   कविता में बादलों को सलोने चित्र बनाने वाले चित्रकारों, मधुर राग गाने वाले गायकों और मन को मोह लेने वाली अनोखी छवि वाले मित्रों के रूप में चित्रित किया गया है।

3. **कविता की पंक्तियों को पूरा करो:**

   (क) बना-बनाकर
   चित्र सलोने
   यह सूना आकाश सजाया
   राग दिखाया
   रंग दिखाया
   क्षण-क्षण छवि से चित्त चुराया
   बादल चले गए वे।

   (ख) दो दिन दुःख के
   दो दिन सुख के
   दुःख-सुख दोनों संगी जग में
   कभी हास है
   कभी आश्रु है
   जीवन नवलतरंगी जग में दो
   दिन पाहुन जैसे रह कर बादल
   चले गए वे।

4. **पढ़ो और जानो –**

   स्वयं कीजिए।

**कविता से आगे... जानो और समझो**

- **आकाश में बादल किस मौसम में दिखाई देते हैं?**

आकाश में बादल मानसून के मौसम में दिखाई देते हैं।

- **जानो कि बादल कैसे बनते हैं?**

  सागरों, महासागरों, झीलों और नदियों से पानी भाप बनकर उड़ता रहता है। यह भाप आकाश में एकत्र होती रहती है तथा कम तापमान के कारण संघनन की प्रक्रिया द्वारा नन्हे जल बिंदुओं में परिवर्तित हो जाता है। यही जल बिंदुक बादलों को बनाते हैं।

- **बादल न होते तो हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

  बादल न होते तो वर्षा नहीं होती और वर्षा के अभाव में हमें जल की कमी का सामना करना पड़ता।

- **बादलों के रूप रंग पर चर्चा करे।**

  बादल सामान्यतः काले तथा सफेद होते हैं। ये कभी कपास के विशाल ढेरों के समान दिखते हैं, तो कभी विशाल काली लहरों के समान उमड़ते दिखाई पड़ते हैं।

**भाषा-ज्ञान**

**1. निम्न शब्दों के अर्थ लिखोः**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सलोने | – | सुंदर | चित्त | – | मन |
| सजीला | – | आकर्षक | शिशिर | – | शीत |
| अश्रु | – | आँसू | पाहुन | – | अतिथि |
| समुज्ज्वल | – | प्रदीप्त | राग | – | गीत |

**2. 'दूःख-सुख' शब्द युग्म में दोनों शब्द एक दूसरे के विपरीतार्थक अर्थात् उल्टे अर्थ वाले हैं। इस प्रकार शब्द-युग्म बनाकर लिखो :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विष | – | अमृत | पूरब | – | पश्चिम |
| यश | – | अपयश | दिन | – | रात |
| जीवन | – | मरण | ऊँच | – | नीच |

**3. पढ़ो, समझो और लिखो :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सजीला | सजीले | रंगीला | – | रंगीले |
| रसीला | रसीले | भड़कीला | – | भड़कीले |
| पथरीला | पथरीले | बर्फीला | – | बर्फीले |

**4. निम्न पंक्तियों में से क्रिया और संज्ञा शब्द छाँटो :**

| | **पंक्तियाँ** | **क्रिया** | **संज्ञा** |
|---|---|---|---|
| (क) | यह सूना आकाश सजाया। | सजाया | आकाश |
| (ख) | क्षण-क्षण छवि से चित्त चुराया। | चुराया | चित्त |
| (ग) | बादल चले गए थे। | चल गए | बादल |
| (घ) | दो दिन पाहुन जैसे रह कर। | रह कर | दिन, पाहुन |

**कलम का कमाल**

**निम्न शब्दों की सहायता से आठ पंक्तियों की सुंदर कविता बनाओः**

उमड़-घुमड़ कर आए बादल,<br>
झमझम बरसे बादल।<br>
कारे-कजरारे बादल बरसे,<br>
नदी तालाब सब भर गए।<br>
चली ठंडी पवन-पुरवाई,<br>
खेल-बाग लेने लगे अंगड़ाई।

पंछी उड़ता, मेढ़क गाता, रिमझिम बरसा पानी
उठा छाता बाहर जाना, पानी में खूब नाव चलाना।

## अध्याय - 2 आकाश में महल

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (ii) बीरबल (ख) (ii) महल (ग) (ii) बीरबल ने (घ) (i) माला

**कहानी से**

1. स्वंय करे

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

(क) अकबर के दरबार में कौन-कौन लोग थे?
अकबर के दरबार में विद्वान, गायक, संगीतज्ञ, चित्रकार, कवि आदि लोग उपस्थित थे।

(ख) दरबारी बीरबल को नीचा दिखाने में क्यों लगे रहते थे?
दरबारी बीरबल सें ईर्ष्या करते थे, इसी कारण वे बीरबल को नीचा दिखाने में लगे रहते थे।

(ग) अकबर ने बीरबल के सामने क्या इच्छा रखी?
अकबर ने बीरबल के सामने आकाश में महल बनाने की इच्छा रखी।

(घ) बीरबल ने तोतों को क्या सिखाया?
बीरबल ने तोतों को सिखाया – ईंट लाओ, पानी लाओ, पत्थर लाओ, चूना लाओ, आदि सिखाया।

(ङ) अकबर बीरबल की किस बात से प्रसन्न होते थे?
अकबर बीरबल की चतुराई से बहुत अधिक प्रसन्न होते थे।

2. **किसने, किसको कहा?**

(क) सभी दरबारियों ने बीरबल से
(ख) बीरबल ने अकबर से
(ग) अकबर ने बीरबल से
(घ) तोतों ने बीरबल से
(ङ) बीरबल ने अकबर से

3. **"बीरबल ने तोतों को रटाया ईंट लाओ, पानी लाओ, पत्थर लाओ, चूना लाओ।" तोतों के अतिरिक्त कौन-कौन से जंतुओं को रटाया जा सकता है? इस कार्य के लिए बीरबल ने तोतों को ही क्यों चुना?**

तोतों के अतिरिक्त कबूतरों और मैना को रटाया जा सकता है। बीरबल ने तोतों को ही इसलिए चुना क्योंकि तोते और पक्षियों की तुलना में आदमी की बेहतर नकल उतार लेते हैं।

**भाषा-ज्ञान**

1. **समानार्थक अर्थात् समान अर्थ वाले शब्द चुनकर लिखो :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दरबार | – | सभा | सूचना | – | संदेश |
| इनाम | – | पुरस्कार | आकाश | – | आसमान |
| प्रबंध | – | इंतजाम | किला | – | दुर्ग |
| मूल्यवान | – | कीमती | चिंता | – | फिकर |

2. **वाक्य का अर्थ समझते हुए रिक्त स्थान भरो :**

(क) लोग बीरबल को नीचा दिखाना चाहते थे।

महल का छज्जा बहुत नीचा है।

(ख) तोता राजा की अंक में आ गिरा।
मिताली को परीक्षा में बहुत कम अंक मिले।

(ग) बीरबल ने अकबर के प्रश्न का उत्तर दिया।
तोते आकाश में उत्तर की ओर उड़ चले।

**3. प्रत्येक के लिए एक-एक शब्द लिखिए:**

(क) असंभव (ख) कारीगर (ग) चित्रकार (घ) कवि (ङ) बहुमूल्य

**4. दिए गए शब्दों के लिंग बदलो:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्वान | – | विदुषी | गायक | – | गायिका |
| कवि | – | कवयित्री | मजदूरी | – | मजदूरिन |
| पुरुष | – | स्त्री | डिब्बा | – | डिबिया |
| राजा | – | रानी | नायक | – | नायिका |

**भाषा ज्ञान**

**5. निम्न मुहावरों के अथ लिखकर उनके वाक्य बनओ:**

(क) चक्कर काटना - इधर-उधर घूमना
वह सुबह से ही बाजार के चक्कर काट रहा था।

(ख) नाक-भौं चढ़ाना - बहुत गुस्सा दिखाना
रमेश को देख सुरेश नाक-भौं चढ़ा रहा है।

(ग) पैर उखड़ जाना - लड़ाई के आगे ठहर न पाना
अंग्रेजों के क्रांति की लड़ाई में भारतीयो के आगे पैर उखड़ गए

(घ) मन बहलाना - किसी काम में लगकर मन को प्रसन्न करना
सरस्वती आंगनवाडी के कामों में अपना मन बहलाती है

**अपनी-अपनी सोच**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 3 संतोष

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) वाटिका (ख) (iii) संतोष (ग) (iii) योगी को (घ) (iii) मन

**पढ़ो कहानी बताओ जुबानी**

- **योगी की जगह आप वाटिका में जाते तो क्या लाते?**
  स्वंय कीजिए।
- **योगी की वस्तु सबसे अधिक मूल्यवान कैसे थी?**
  योगी की वस्तु बहुत अधिक मूल्यवान थी, क्योंकि योगी संतोष नामक वस्तु लेकर वाटिका से लौटा था। संतोष ही आदमी को सभी सुख देने में समर्थ होता है।
- **राजा के स्थान पर आप होते तो वाटिका में कौन-कौन सी वस्तुएँ रखते और कौन-सी वस्तु मँगाने के लिए अपने**

**दरबारियों से कहते?**

स्वयं कीजिए।

- **कहानी का शीर्षक 'संतोष' के स्थान पर और क्या हो सकता है? बताओ।**

  'संतुष्टि में ही सब सुख।'

**प्रश्न-पिटारी**

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

   (क) राजा ने वाटिका से क्या लाने को कहा?

   राजा ने वाटिका से सबसे अधिक मूल्यवान वस्तु बाहर लेकर आने के लिए कहा।

   (ख) वाटिका में सबसे अंत में कौन गया?

   वाटिका में सबसे अंत में एक योगी गया था।

   (ग) योगी कौन-सी वस्तु लेकर राजा के पास आया?

   योगी संतोष नामक वस्तु लेकर राजा के पास आया।

   (घ) राजा ने किनकी सभा बुलाई?

   राजा ने विद्वानों की सभा बुलाई।

   (ङ) योगी को क्या इनाम दिया गया?

   योगी को उस वर्ष का राजपुरुष घोषित किया गया।

2. **योगी ने संतोष को मूल्यवान माना। बताओ आप किस गुण को मूल्यवान मानते हो? क्यों?**

   मैं संतोष के साथ-साथ विवेक अथवा धैर्य को मूल्यवान मानता हूँ, क्योंकि विवेक और धैर्य के होने पर ही संतोष धन की प्राप्ति का मार्ग सरल हो जाता है।

**भाषा-ज्ञान**

1. **यहाँ दिए गए शब्दों को सही स्थान पर लिखो :**

| ए – े | ऐ – ै | ओ – ो | औ – ौ |
|---|---|---|---|
| ऐलान | मैं | रोटी | खिलौना |
| उसने | मैदान | संतोष | हैंसला |
| हीरे | हैरानी | योगी | और |
| प्रत्येक | हैसियत | वस्तुओं | |

2. **पाठ में आए छः शब्द ढूँढो जिनमें किसी के गुणी होने का पता चलता है। जैसे – संतोष।**

| | | |
|---|---|---|
| ज्ञान | विवेक | साहस |
| धीरज | दयालुता | सहनशीलता |

3. **नीचे कुछ शब्द उलट-पलट गए हैं। क्या आप उन्हें ठीक करके लिख सकते हैं?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसार | राजपुरुष | जवाहरात | हैरानी |
| संतोष | महाराज | मूल्यवान | विद्वानों |

4. **"संतोष" शब्द का उल्टे अर्थ वाला शब्द 'असंतोष' है। इसी प्रकार 'अ' स्वर लगाकर नीचे दिए गए शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्द बताओ :**

   दृश्य– अदृश्य    शांति – अशांति

   मंगल – अमंगल    सभ्य – असभ्य

   प्रत्यक्ष – अप्रत्यक्ष    सामान्य – असामान्य

**शब्दों में खेल**

**'महलवाला' शब्द पाँच वर्णों से मिलकर बना है।**

**म  ह  ल  वा  ला**

**इन वर्णों से आप कितने शब्द और बना सकते हैं। लिखो।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महल | हल | हलवा | वाला | लाम | हवा |
| हम | लावा | वाह | हलाल | हमला | मल |

**देखो और लिखो**

1. यह एक सुंदर बाग है।
2. पौधों पर रंग-बिरंगे फूल लगे हैं।
3. फूलों पर भँवरे मँडरा रहे हैं।
4. भँवरे गुँजन कर रहे हैं।
5. वृक्षों पर पक्षी चहचहा रहे हैं।
6. वाटिका में मंद-मंद समीर बह रही है।
7. माली क्यारियों में रखवाली करता है।
8. वह पौधों को पानी दे रहा है।

## अध्याय - 4 पागल हाथी

**प्रश्न-पिटारी**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (ii) मोती (ख) (ii) एक हज़ार रुपये (ग) (iii) मुरली ने (घ) (i) हाथी ने

**1. पढ़ो, लिखो और उत्तर दो :**

(क) मोती कौन था?

मोती राजा साहब की खास सवारी का हाथी था।

(ख) मोती ने पागलपन में क्या किया?

मोती ने पागलपन में अपने महावत को मार डाला।

(ग) मोती अपनी दशा देखकर दु:खी क्यों होता?

मोती को कुलियों को तरह लकड़ियाँ ढोनी पड़ती थीं, इसीलिए वह अपनी उस दशा पर अक्सर दु:खी रहता था।

(घ) राजा साहब ने ढिंढोरा क्यों पिटवाया और क्या करने को कहा?

राजा साहब ने मोती को पकड़ने के लिए ढ़िंढोरा पिटवाया। उन्होंने कहा कि मोती को जो कोई भी पकड़ कर लाएगा उसे एक हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।

(ङ) मुरली कौन था?

मुरली महावत का आठ वर्ष का बेटा था।

(च) मोती वापस महल में कैसे आया?

मुरली मोती को महल में लेकर आया।

**2. दिए गए कोष्ठकों में घटनानुसार ( क ), ( ख ) डालकर कहानी का क्रम बनाओ:**

(4) राजा साहब ने ढिंढोरा पिटवाया कि जो मोती को पकड़कर लाएगा, उसे एक हज़ार रुपए इनाम में दिए जाएँगे।

(5) मुरली पेड़ से नीचे उतरा और मोती की सूँड को थपकियाँ देने लगा।

(2) एक दिन इसी पागलपन में उसने अपने महावत को मार दिया।

(3) राजा साहब घबराकर भागे और एक छोटी-सी झोंपड़ी में घुस गए।

(1) मोती राजा साहब की खास सवारी का हाथी था।

(6) मुरली ने चिल्लाकर कहा – "डरो नहीं, मोती बिल्कुल सीधा हो गया है। अब यह किसी को नहीं मारेगा।

**पढ़ो कहानी, बताओ जुबानी**

- **क्या राजा ने मोती को विशेष पदवी से हटाकर सही किया?**
  उत्तर स्वयं दीजिए।
- **क्या मोती को सुधारने का प्रयास नहीं किया जा सकता था?**
  मोती को सुधारने का प्रयास किया जा सकता था, क्योंकि मोती अपनी दयनीय दशा से परेशान था, यदि दशा में सुधार किया जाता तो वह भी सुधार सकता था।
- **क्या मोती का राजा साहब पर हमला करना सही था?**
  स्वयं उत्तर दीजिए।
- **क्या मुरली भी इनाम के लालच में मोती को पकड़ने जंगल गया था?**
  नहीं, वह मोती को इनाम के लालच में पकड़ने जंगल में नहीं गया था।
- **मोती ने मुरली से कुछ भी क्यों नहीं कहा?**
  क्योंकि उसने मुरली को पहचान लिया था।
- **क्या मोती को अपने किए पर पछतावा था?**
  हाँ, को मोती अपने किए पर पछतावा था।

**पाठ से ..........**

**हाथी को राजा की सवारी के रूप में प्रयोग किया जाता है और कौन-कौन से जंतु हैं जिन्हें राजा की सेना में विशेष रूप से स्थान दिया जाता है?**

घोड़े, ऊँट आदि को भी सेना में विशेष रूप से स्थान दिया जाता है।

**भाषा-ज्ञान**

**1. प्रत्येक के लिए दो-दो पर्यावाची लिखिए –**

हाथी – गज, हस्ती

राजा – नृप, नरेश

जंगल – अरण्य, वन

नदी – सरिता, वटिनी

पाँव – पैर, चरण

मस्तक – माथा, ललाट

आदमी – व्यक्ति, मनुष्य

**2. पाठ में विभिन्न कारक चिह्नों वाले वाक्य छाँटकर लिखो :**

(क) मोती राजा साहब की खास सवारी का हाथी था।

(ख) वह महावत का दबाव भी नहीं मानता था।

(ग) राजा साहब के आदमी मोती को पकड़ने के लिए दौड़े।

(घ) मुरली पेड़ से नीचे उतरा।

(ङ) मुरली जंगल में जाकर एक ऊँचे पेड़ पर चढ़ कर बैठ गया।

**3. पाठ में से प्रत्येक संज्ञा के चार-चार शब्द लिखो:**

**व्यक्तिवाचक संज्ञा –** मुरली, मोती।

**जातिवाचक संज्ञा–** हाथी, जंगल, नदी, राजा, महल।

**प्रत्येक जातिवाचक संज्ञा से संबंधित संज्ञा लिखो :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| महापुरुष | महात्मा गांधी | इमारत | संसद भवन |
| | सुभाष चंद्र बोस | | लाल किला |
| सागर | लाल सागर | नदी | गंगा |
| | अरब सागर | | यमुना |

4. **प्रत्येक के लिए एक-एक शब्द लिखो :**

(क) महावत (ख) निर्धन (ग) अनाथ (घ) पागलपन (ङ) राजा

स्वयं कीजिए।

**अपनी-अपनी सोच**

**कहानी का शीर्षक 'पागल हाथी' क्यों रखा गया? क्या इस कहानी के कोई और शीर्षक भी हो सकते हैं? कोई दो शीर्षक बताओ।**

इस कहानी का शीर्षक 'पागल हाथी' इसलिए लिखा गया, क्योंकि यह कहानी मोती नामक हाथी के पागलपन पर आधारित है।

कहानी के दो अन्य शीर्षक हैं – 1. मोती और मुरली

2. राजा का पागल हाथी।

**हाथों का कमाल**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 5 छली गधा

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) शैतानी (ख) (i) मस्ती (ग) (iii) शेर की खाल (घ) (ii) किसानों न

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

(क) गधे ने शेर की खाल क्यों पहनी?

गधे ने लोगों को धोखा देने के लिए गधे की खाल पहनी।

(ख) गधा चीपों-चीपों क्यों करने लगा?

गधा किसानों को डर के मारे भागते देखा खुश होकर चींपों-चींपों करने लगा।

(ग) पोल खुलने पर किसानों ने क्या किया?

पोल खुलने पर किसानों ने गधे को खूब पीटा।

2. **सही कथन पर ( ✔ ) का चिह्न लगाओ:**

(क) ✗ (ख) ✔ (ग) ✔ (घ) ✗ (ङ) ✔

3. **इन्हें पढ़ो और समझो :**

स्वयं कीजिए।

4. **गधा चींपो-चींपो करता है। इसी प्रकार बताओ कि ये क्या करते हैं:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ऊँट | – | बलबलाता है। | हाथी | – | चिंघाड़ता है। |
| सियार | – | हुआँ-हुआँ करता है। | मोर | – | कूहकता है। |
| चूहा | – | चीं-चीं करता है। | भौंरे | – | भिनभिनाते हैं। |

**भाषा-ज्ञान**

1. **उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखो :**

रात – दिन आगे – पीछे

खुश – नाखुश मारना – बचाना

**हमारी कलाम से**

1. **इस कविता को चार-पाँच वाक्यों में कहानी के रूप में लिखो:**

एक बार एक गधा था। वह रोज़ रात को गेहूँ के खेत को चरने के लिए जाता था। गेहूँ के पौधों को चरने के बाद वह जंगल में जाकर छुप जाता था। एक दिन उसे कहीं से शेर की खाल मिल गई। अब वह उस शेर की खाल को पहनकर गेहूँ के खेतों में जाने लगा। किसान उसे शेर समझकर डर जाते और खेत छोड़कर दूर भाग जाते। इस तरह गधा खुश रहने लगा और खुलकर खेतों को चरने लगा।

2. **किसी ऐसे ही मूर्ख छली जंतु की कहानी सुनाओ।**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 6 नया नाम

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (iii) अमेरिका के (ख) (ii) घुड़सवारी का (ग) (iii) वाशिंगटन (घ) (iv) औगस्टाइन

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

(क) जार्ज के पिता कौन थे?

जार्ज के पिता नौ सेना में कप्तान थे।

(ख) जार्ज जंगल में क्या करता था?

जार्ज जंगल में नए-नए रास्तों को खोजकर उनके नक्शे बनाता था।

(ग) मार्क ने जार्ज से क्या करने को कहा?

मार्क ने जार्ज को फौज में भर्ती होने के लिए कहा।

(घ) जार्ज को सेना का कंमाडर किसने बनाया?

जार्ज को ब्रैडोक ने कमांडर बनाया।

(ङ) जार्ज को ब्रिटेन से युद्ध के बाद किस पद के लिए चुना गया?

ब्रिटेन से युद्ध के बाद जार्ज को अमेरिका का राष्ट्रपति चुन लिया गया।

(च) अमेरिका की नई राजधानी को क्या नाम दिया गया?

अमेरिका की नई राजधानी का नाम वाशिंगटन रखा गया।

2. **आप अमेरिका के राष्ट्रपति के अतिरिक्त और कितने राष्ट्रपतियों को जानते हैं? उनमें से किन्हीं चार के नाम लिखिए।**

1. ए.पी.जे अब्दुल कलाम 2. अब्राह्म लिंकन

3. शंकर दयाल शर्मा 4. प्रतिभा पाटिल

3. **हमारे देश के राष्ट्रपति कौन हैं? राष्ट्रपति का चुनाव कौन करता है? राष्ट्रपति का कार्यकाल कितना होता है?**

स्वयं कीजिए।

4. **जार्ज वाशिंगटन के नाम पर अमेरिका की राजधानी का नाम वाशिंगटन रखा गया। ऐसे ही दो महापुरुषों के नाम बातओ। जिनके नाम पर शहर का नाम रखा गया हो।**

जमशेदपुर, पंतनगर आदि।

**5. यहाँ हमारे देश के कुछ राष्ट्रपतियों के चित्र दिए गए हैं। उनके नीचे उनके नाम लिखो।**

| | |
|---|---|
| प्रतिभा देवी सिंह पाटिल | ए.पी.जे. अब्दुल कलाम |
| आर. वेंकटरमन | डॉ.एस.राधाकृष्णन |
| ज्ञानी जैल सिंह | जाकिर हुसैन |

**भाषा-ज्ञान**

**1. दिए गए शब्दों के लिंग बदलो :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पिता | – | माता | बेटा | – | बेटी |
| बलवान | – | बलवती | घोड़ा | – | घोड़ी |
| बुद्धिमान | – | बुद्धिमती | नायक | – | नायिका |

**2. प्रत्येक के लिए एक-एक शब्द दीजिए :**

(क) दूरदर्शी (ख) घुड़सवार (ग) नाविक (घ) सेनापति

(ङ) मार्गदर्शक

3. स्वयं कीजिए।

**4. पाठ में से तीनों कालों के एक-एक वाक्य लिखो:**

1. जार्ज के पिता वर्जीनिया में नौसेना में कप्तान थे।
2. अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन है।
3. वह वर्जीनिया की फौज के लिए काफी काम आएगी।

**5. दिए गए वाक्यों में से संज्ञा व सर्वनाम शब्द छाँटो :**

| | **संज्ञा** | **सर्वनाम** |
|---|---|---|
| (क) | जार्ज | उसके |
| | साल | |
| | पिता | |
| (ख) | जंगल | वह |
| (ग) | मार्क | मैं |
| (घ) | बेटा | यह |
| | औगस्टाइन | यह |
| (ङ) | वाशिगंटन | उसका |

**अपनी कलम से**

**जार्ज वाशिंगटन का संक्षिप्त परिचय दीजिए :**

| | | |
|---|---|---|
| पूरा नाम | : | जार्ज वाशिंगटन |
| पिता का नाम | : | औगक्टाइन |
| आवास | : | वर्जीनिया |
| कार्य | : | अमेरिकी सेना के कंमाडर तथा बाद में अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति बने। |
| विशेषता | : | युद्ध कौशल के धनी थे। |

# अध्याय - 7 जादुई कविता

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) हारने के डर से (ख) (i) दौड़ में (ग) (ii) आत्मविश्वास की (घ) (i) विपुल

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

(क) विपुल को किस बात का डर सता रहा था?
विपुल को दौड़ में हारने का डर सता रहा था।

(ख) विपुल को किस प्रतियोगिता में भाग लेना था?
विपुल को दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेना था।

(ग) नानाजी ने विपुल को क्या दिया?
नानाजी ने विपुल को कविता लिखकर दी।

(घ) विपुल प्रतियोगिता कैसे जीता?
विपुल ने नाना जी की लिखी कविता पढ़कर दौड़ना शुरु किया और वह प्रतियोगिता में प्रथम आया।

(ङ) नानाजी ने विपुल को जो कविता दी, वह लिखो।
हृदय में विश्वास हो,
मन न निराश हो,
लक्ष्य अपना पाओगे,
तुम सफल हो जाओगे।

**भाषा-ज्ञान**

1. **विपरीत अर्थ वाले शब्दों का चयन करो:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हार | – | जीत | शांत | – | अशांत |
| उदास | – | प्रसन्न | प्रात: | – | सायं |
| समस्या | – | समाधान | सामान्य | – | असामान्य |
| आशीर्वाद | – | शाप | असली | – | नकली |

2. **'गम' शब्द में 'सु' लगाने पर बना 'सुगम' अर्थात् सरल। इसी प्रकार 'बुद्धि' में 'कु' लगाने पर बना 'कुबुदधि' अर्थात् बुरी बुद्धि। दिए गए शब्दों में 'सु' और 'कु' लगाकर शब्द बनाओ :**

| सु + | | | कु + | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कंठ | – | सुकंठ | फल | – | कुफल |
| कुल | – | सुकुल | पथ | – | कुपथ |
| जन | – | सुजन | पात्र | – | कुपात्र |
| भाषी | – | सुभाषी | प्रबंध | – | कुप्रबंध |
| रुचि | – | सुरुचि | संगति | – | कुसंगति |

3. **'दुर्बल' शब्द में 'ता' जोड़ने पर 'दुर्बलता' बनता है। इसी प्रकार दिए गए शब्दों में 'ता' शब्द जोड़कर शब्द बनाओ:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सफल | – | सफलता | लघु | – | लघुता |
| प्रसन्न | – | प्रसन्नता | सरल | – | सरलता |
| सामान्य | – | सामान्यता | विफल | – | विफलता |
| मानव | – | मानवता | प्रभु | – | प्रभुता |

4. **शब्द के सही रूप से वाक्य पूरे करो –**

(क) पढ़ने (ख) बैठकर (ग) लिख (घ) हो गई

5. **दिए गए शब्दों से कारक चिह्नों को छाँटो :**

(क) ने, के दिए (ख) पर, में (ग) के (घ) ने (ङ) ने, से

6. **दिए गए वाक्यों में विशेषता प्रदर्शित करने के लिए उचित मुहावरों का प्रयोग करो:**

(क) बिल्ली को देखते ही चूहा नौ दो ग्यारह हो गया।

(ख) मोहन अपने माता-पिता की आँखों का तारा है।

(ग) संकट के समय सभी आँखे फेर लेते हैं।

(घ) युद्ध में भारतीय सेना ने दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए।

(ङ) बाघ की खाल पहने हुए गधे की बोली बोलते ही सारी कलई खुल गई।

**अपनी कलम से**

स्वयं कीजिए।

**हाथों का कमाल**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 8 अँधेरे का सूरज-लुई ब्रेल

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) लुई ब्रेल ने (ख) (i) तीन वर्ष (ग) (ii) 1852 में (घ) (ii) बाइबल की

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो:**

(क) लुई ब्रेल कौन था?

लुई ब्रेल पेरिस से लगभग पच्चीस किलोमीटर की दूरी पर बसे गाँव कुप्रे में रहने वाले सिमोन ब्रेल का पुत्र था।

(ख) लुई ब्रेल का जन्म कब तथा कहाँ हुआ?

लुई ब्रेल का जन्म 4 जनवरी, 1809 को पेरिस के पास कुप्रे नामक गाँव में हुआ था।

(ग) लुई की आँखों की रोशनी कैसी चली गई?

लुई की आँखों की रोशनी चमड़े में छेद करने वाले औज़ार की नुकीली छड़ के आँखों में घुस जाने के कारण चली गई थी।

(घ) लुई के पिता उसे क्या कहते थे?

लुई के पिता उससे कहते थे कि बेटा, लुई, तुम जन्म से अंधे नहीं हो, इसलिए कभी निराश मत होना। अब तुम उनके लिए कुछ विशेष काम करना जो जन्म से अंधे हैं।

(ङ) लुई किस रूप में प्रसिद्ध हुए?

लुई ब्रेल एक शिक्षक के रूप में प्रसिद्ध हुए।

(च) लुई ने अपनी लिपि कब प्रकाशित की?

लुई ने अपनी लिपि 1829 में प्रकाशित की।

(छ) लुई ब्रेल का आज भी सारी दुनिया आदर क्यों करती है?

लुई ब्रेल ने अंधों के लिए ब्रेल लिपि का विकास किया। इस लिपि के कारण नेत्रहीन लोगों के लिए पढ़ना-लिखना संभव हो सका। अत: लुई ब्रेल का इसी कारण आज भी दुनिया आदर करती है।

2. **दिए गए वाक्यों को पूरा करो :**

(क) विश्व का प्रत्येक नेत्रहीन व्यक्ति ब्रेल लिपि का आविष्कार करने वाले लुई को अपना मसीहा मानता है।

(ख) चीख सुनकर सिमोन ब्रेल और उनकी पत्नी वहाँ पहुँचे।

(ग) लुई के पिता उनसे कहा करते कि बेटा लुई, तुम जन्म से अंधे नहीं हो।

(घ) नेत्रहीनों के लिए लिपि के आविष्कार को लुई ब्रेल ने अपनी जीवन का मिशन ही बना लिया था।

**3. लुई ब्रेल ने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया था। नीचे दिए गए आविष्कारों ने किन-किन चीजों का आविष्कार किया था? बताओ।**

(क) थॉमस एल्वा एडिसन – बल्ब

(ख) अलैक्जेंडर ग्राह्म बेल – टेलीफोन

(ग) मारकोनी – रेडियो

**भाषा-ज्ञान**

**1. दिए गए वाक्यों से संज्ञा और क्रिया छाँटोः**

| | **संज्ञा** | **क्रिया** |
|---|---|---|
| (क) | लुई, ब्रेल, लिपि | किया |
| (ख) | लुई, पिता | ........ |
| (ग) | वर्कशाप | चलाते थे |
| (घ) | लुई, चमड़े | करने लगा |
| (ङ) | गाँव | लौट आए |

**3. प्रत्येक वाक्य को उचित सर्वनाम द्वारा पूरा करोः**

(क) नेत्रहीन लुई को अपना मसीहा मानते थे।

(ख) वहाँ वे घोड़ों की जीन और लगाम बनाते थे।

(ग) उसकी चंचलता एकाएक समाप्त हो गई।

(घ) निरंतर परिश्रम के कारण उनका स्वास्थ्य खराब हो गया।

**3. प्रत्येक संज्ञा शब्द के साथ उचित विशेषण जोड़ोः**

महान व्यक्ति नन्हा लुई

गहरा घाव वृद्ध महिला

नई लिपि मोटे कागज

**4. उचित कारक चिह्न से वाक्य पूरे करोः**

(क) दोनों एक दूसरे का पर्याय हैं।

(ख) आँख में गहरा घाव हो गया है।

(ग) वह गाँव से दूर चला गया।

(घ) लुई एक गरीब परिवार का लड़का था।

(ङ) वह दूसरों की सहायता करने के लिए तैयार रहता था।

**5. निम्न वाक्यों में उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग करोः**

(क) वे एक छोटी-सी वर्कशाप चलाते थे।

(ख) क्या तुम गाँव नहीं जाना चाहते?

(ग) अरे! उसकी आँख में घाव हो गया है।

(घ) शाबाश! तुमने तो कमाल कर दिया।

(ङ) गौरव, स्नेहा और अंकित स्कूल गए।

**अपनी कलम से**

**लुई ब्रेल के विषय में लगभग आठ पंक्तियों में अपने विचार लिखोः**

लुई ब्रेल एक महान व्यक्ति थे।

वे नेत्रहीन लोगों के लिए एक आदर्श है।

उन्होंने शारीरिक विकृतियों पर विजय पाने के लिए सारी दुनिया को प्रेरणा दी।

उनकी ब्रेल लिपि के कारण आज अनेक नेत्रहीन व्यक्ति पढ़-लिखकर अपने पैरों पर खड़े होने के काबिल बन सके हैं।

लुई ब्रेल ने नेत्रहीनों के जीवन में सुधार लाने के लिए जो कठोर परिश्रम किया उसे भूलाना असंभव है।

अत: संसार उनका सदैव आभारी रहेगा।

**अपनी-अपनी सोच**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 9 नीम

1. **कविता से –**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) लाभकारी (ख) (iii) हरी (ग) (i) उपकार करना (घ) (iii) निबौरी

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो :**

(क) नीम को देखकर हर्ष क्यों होता है?

नीम की उपयोगिता को देखकर कवि का मन हर्ष से भर जाता है।

(ख) नीम खाने में कैसी होती है?

नीम खाने में कडवी होती है।

(ग) नीम में क्या-क्या गुण होते हैं?

नीम में विविध प्रकार के औषिधीय गुण होते हैं।

(घ) नीम के लिए ईश्वर से क्या प्रार्थना की गई है?

नीम के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई है कि जब तक एक सूर्य, चंद्रमा और तारे रहें नीम भी रहे।

3. **कविता की पंक्तियों को पूरा करो :**

(क) ये **लहलहाती पत्तियाँ** हरी **शीतल पवन** बरसा रहीं।निज मंद **मीठी वायु से** सब जीव **को हरषा रहीं**।

(ख) **प्रार्थना हरि** से करूँ, **हृदय में सदा यह** आस हो। जब तक रहें **नभ चंद्र तारे** सूर्य का **प्रकाश हो**।

1. **नीम के पेड़ पर फल होते हैं। इन्हें निबौरी कहते हैं। क्या आपने कभी निबौरी देखी है? ये छोटी होती है और कौन से वृक्षों के फलों को निबौरी कहते हैं?**

बकान।

2. **वृक्ष के भागों के नाम लिखो:**

तना शाखा फल फूल

कली पत्ती जड़

3. **अधिकांशत: प्रत्येक वृक्ष छाया, हवा और फल देने के साथ-साथ कोई न कोई लाभ अवश्य देता है। क्या आप बता सकते हैं कि इन वृक्षों से हमें क्या मिलता है?**

बाँस – लकड़ी और पत्तियाँ।

चीड़ – लकड़ी और तेल।

नारियल – नारियल, रेशे, तेल आदि।

4. **प्रत्येक सजीव को जीवन निर्वाह करने के लिए उचित पर्यावरण की आवश्यकता होती है। बताओ कि पेड़-पौधों को जीवन निर्वाह करने के लिए किन-किन चीजों की आावश्यकता होती है?**

जल, सूर्य का प्रकाश, हवा, मिट्टी, खनिज-लवण आदि।

**भाषा-ज्ञान**

**1. दिए गए शब्दों के अर्थ बताओ:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| परम | – | श्रेष्ठ | हर्ष | – | खुशी |
| शीतल | – | ठंडा | कटु | – | कड़वी |
| सर्वदा | – | हमेशा | निज | – | अपनी |

**2. प्रत्येक के दो-दो पर्यायवाची लिखो:**

| | | |
|---|---|---|
| पवन | समीर | हवा |
| हरि | भगवान | ईश्वर |
| चंद्र | चंद्रमा | चाँद |
| सूर्य | सूरज | रवि |
| पथिक | राही | राहगीर |

**3. प्रत्येक शब्द का बहुवचन रूप लिखिए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पत्ती | – | पत्तियाँ | तारा | – | तारे |
| मेरा | – | हमारा | पवन | – | पवनें |
| डाली | – | डालियाँ | तना | – | तने |

**अपनी कलम से**

**कविता को आगे बढ़ाओ:**

मेरे घर में एक बगीचा,
दादा ने रोपा, दादी ने सींचा।
आम, अमरूद और अनार,
वृक्ष नीम के छायादार।

फूल गुलाब, चंपा और चमेली,
वातावरण महकाते हैं।
उन पर मँडराते भँवरे और तितलियाँ,
सबका मन हर्षाते हैं।

## अध्याय - 10 चाँद पर चंद्रयान

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (iii) भारत ने (ख) (i) चंद्रमा से (ग) (ii) पृथ्वी से (घ) (iii) छः घंटे

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दो:**

(क) चंद्रमा किसकी प्रतीक्षा कर रहा था?
चंद्रमा भारत से आने वाले चंद्रयान की प्रतीक्षा कर रहा था।

(ख) चंद्रमा की उत्पत्ति कब तथा कैसे हुई?
चंद्रमा की उत्पत्ति लगभग 460 करोड़ वर्ष पूर्व पृथ्वी से अलग हुए एक शैलीय पिंड के रूप में हुई थी।

(ग) चंद्रमा की धरती कैसी है?
चंद्रमा की धरती ऊँचे पर्वतों तथा गड्डों से युक्त विषम धरती है।

(घ) चंद्रमा के पहाड़ का क्या नाम है?

चंद्रमा के पहाड़ का नाम लिबनिज है।

(ङ) दिन और रात के समय चंद्रमा का तापमान कितना होता है?

चंद्रमा पर तापमान दिन के समय 100° से. तक गरम तथा रात के समय –180° से. तक ठंडा हो जाता है।

(च) चंद्रमा पर सर्वप्रथम किसने कदम रखा?

चंद्रमा पर सर्वप्रथम कदम रखने वाला व्यक्ति नील आर्मस्ट्रांग था।

**2. अपनी कल्पना के आधार पर चंद्रयान तथा चंद्रमा के चित्र बनाओ!**

स्वयं कीजिए।

**भाषा-ज्ञान**

**1. दिए गए शब्दों के विलोम लिखो:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छोटा | – | बड़ा | प्रसन्न | – | अप्रसन्न |
| ऊँचा | – | नीचा | गरम | – | ठंडा |
| रात | – | दिन | प्रकाश | – | अंधकार |
| अज्ञात | – | ज्ञात | प्राकृतिक | – | कृत्रिम |
| कठिन | – | सरल | अच्छा | – | बुरा |

**2. दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाओ:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चंद्र – | चंद्रकला | चंद्रमुखी | चंद्रभाव |
| वायु – | वायुयान | वायुवेश | वायवीय |
| श्रम – | श्रमशील | श्रमिक | परिश्रम |
| मुख – | मुखपृष्ठ | मुखांग | मुखाग्नि |
| कुल – | कुलपति | कुलीन | कुली |

**3. निम्न शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वर ( ं ) और अनुनासिक ( ँ ) का प्रयोग करो:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चंद्रमा | अंतरिक्ष | हूँ | ऊँचे |
| वायुमंडल | पहुँचता | धातुएँ | कमांडर |

**4. शब्दों को शुद्ध करके लिखो :**

| | |
|---|---|
| परिश्रम | प्रतीक्षा |
| गुरुत्वाकर्षण | पृथ्वी |
| वैज्ञानिक | परिवेश |

**5. वायुमंडल न होने के कारण वह मन मसोस कर रह गया। इस वाक्य में 'मन मसोसना' एक मुहावरा है जिसका अर्थ है – मन मारना या इच्छा खोना। इसी प्रकार मन से संबंधित निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :**

**(क) मन टूट गया –** बेटी की मौत से उसका मन टूट गया।

**(ख) मन मारना –** कोई भी काम मन मारकर मत करो।

**(ग) मन से उतरना –** बेटे की बुरी आदतों के कारण वह पिता के मन से उतर गया।

**(घ) मन हरा होना –** लहलहाती फसल को देखकर किसान का मन हरा हो गया।

**(ङ) मन कचोटना –** मन कचोटने से क्या लाभ? खोई हुई घड़ी मिल तो नहीं जाएगी।

**6. चंद्रमा को एक छोटा चंद्रयान दिखाई दिया।**

इस वाक्य में 'छोटा' एक विशेषता है जो चंद्रयान की विशेषता बता रहा है। दिए गए वाक्यों में उचित विशेषण लगाओ:

(क) चंद्रमा कुछ प्रसन्न हो गया।

(ख) यहाँ गहरी खाइयाँ हैं।

(ग) यह माउंट एवरेस्ट से भी ऊँची है।

(घ) चंद्रमा प्राकृतिक उपग्रह है।

**7. अब इस वाक्य को पढ़ो। उन्होंने दिन-रात कड़े परिश्रम से मेरा निर्माण किया। 'कड़े' शब्द परिश्रम शब्द की विशेषता बताता है। ये शब्द प्रविशेषण कहलाते हैं। नीचे दिए गए वाक्यों में प्रविशेषण का प्रयोग करो:**

(क) वहाँ खूब चहल-पहल थी।

(ख) उसकी सतह काफी मटमैली थी।

(ग) तुम बहुत गरम हो जाते हो।

(घ) वे अभी भी मेरे विषय में बहुत अधिक नहीं जानते।

(ङ) यह मानव का बहुत छोटा कदम है।

**अपनी कलम से**

**'चंद्रमा' के विषय में संक्षिप्त लेख अपने शब्दों में लिखो:**

चंद्रमा पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह है। यह पृथ्वी के चारों ओर परिभ्रमण करता है। यह लगभग साढे सताईस दिन में पृथ्वी के चारों तरफ एक पूरा चक्कर लगा लेता है। चंद्रमा की उत्पत्ति लगभग 460 करोड़ वर्ष पूर्व पृथ्वी से टूटने वाले शैलखंड से ही हुई थी। यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण ही इसके चारों ओर परिभ्रमण करने लगा। चंद्रमा का धरातल विषम है। इस में ऊँचे पर्वत तथा गहरे गड्ढे विद्यमान पाए जाते हैं। चंद्रमा के धरातल पर जल तथा आक्सीजन या वायु की अनुपस्थिति के कारण ही जीवन संभव नहीं है।

चंद्रमा पृथ्वी से देखने पर सदैव एक जैसा दिखाई नहीं देता है। इसका आकार दिन-प्रतिदिन घटता-बढ़ता रहता है।

**सुंदर लेख लिखो**

"यह चंद्रमा पर एक छोटा कदम है और मानव जाति की बड़ी उपलब्धि।"

प्राचीन काल में चंद्रमा मानव के लिए एक रहस्य से कम न था। लोग इसके विषय में विविध प्रकार के विचार रखते थे। किंतु समय के साथ-साथ विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति के फलस्वरूप मानव ऐसे अंतरिक्षयान तथा अन्य उपकरण बनाने में सफल हुआ। जिनके कारण उसने अंतरिक्ष में यात्राएँ तथा अन्वेषण करना शुरू कर दिया। फिर एक दिन उसने चंद्रमा के धरातल पर भी कदम रखा। उसके धरातल के विषय में विविध प्रकार की जानकारी प्राप्त की। उसी के फलस्वरूप आज हम चंद्रमा की बहुत-सारी असलियत जानते हैं।

## अध्याय - 11 जादू का ब्रुश

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) काँच की (ख) (ii) धनी महिला के (ग) (i) जादुई (घ) (ii) हीरों की खान में

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दो –**

(क) सू-यी के पिता क्या काम करते थे?

सू-यी के पिता काँच का सामान बनाने का काम करते थे।

(ख) सू-यी के पिता के साथ क्या घटना घटी?

एक दिन काम करते हुए सू-यी के पिता का हाथ जल गया।

(ग) सू-यी ने कहाँ और क्यों काम करना शुरू किया?

सू-यी ने अपने पिता के दुर्घटना के कारण घर पर बैठ जाने पर एक धनी स्त्री के घर पर काम करना शुरू किया?

(घ) उसे जन्मदिन पर क्या उपहार मिला?

उसे अपने जन्मदिन पर कुछ कागज, बहुत से रंग तथा एक सतरंगा ब्रश उपहार के रूप में मिला।

(ङ) उसने जादू के ब्रश का उपयोग कैसे किया?

उसने जादू के ब्रश तथा रंगों से विविध प्रकार के सुंदर चित्र बनाए।

**2. क्या होता यदि –**

(क) सू-यी जादू के ब्रश से केवल अपने लिए ही वस्तुएँ प्राप्त करती।
यदि वह ऐसा करती तो वह भी लालची हो जाती और उसके लालच का फल बुरा होता ।

(ख) सू-यी जादू के ब्रश से लोगों को सताती।
यदि वह जादू के ब्रश से लोगों को सताती तो सब उसे बुरा कहते। कोई भी उससे स्नेह नहीं करता।

(ग) सू-यी की जगह आपको ब्रुश मिलता।
उत्तर स्वयं कीजिए।

**3. कहानी के आधार पर निम्न के विषय में तीन वाक्य लिखोः**

1. सू-यी एक अच्छी बालिका थी।
2. वह अपने पिता को बहुत प्रेम करती थी।
3. अपने जादू की ब्रश से उसने सबसे लिए चित्र बनाए।
    1. मालकिन एक धनी तथा लालची स्त्री थी।
    2. मालकिन ने हीरों की खान का चित्र बनाने के लिए कहा।
    3. मालकिन हीरों की खान के साथ ही गायब हो गई।

**भाषा-ज्ञान**

**1. निम्न वाक्यों में से संज्ञा तथा क्रिया शब्द छाँटो :**

| | **संज्ञा** | **क्रिया** |
|---|---|---|
| (क) | सू-यी | करते |
| (ख) | स्त्री, घर | करने लगी |
| (ग) | चित्र | ........... |
| (घ) | फूलदान | बनाया |

**2. उचित सर्वनाम शब्द से वाक्य पूरे करोः**

(क) वह (ख) उसमें (ग) उसे (घ) आपकी

**3. प्रत्येक विशेषण के साथ विशेष्य जोड़ोः**

| | |
|---|---|
| सुंदर चित्र | घना जंगल |
| काफी समय | सतरंगा ब्रश |
| रंग-बिरंगे-फूल | सफेद कागज |

**4. निम्न वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करोः**

(क) उसके बहुत से मित्र थे।

(ख) वहाँ फूलों, बच्चों, समुद्रों, जंगलों आदि के चित्र थे।

(ग) काश! मैं भी इतनी सुंदर होती।

(घ) क्या तुम्हें सचमुच कोई जादू आता है?

**हाथों का कमाल**

स्वयं कीजिए।

**अपनी कलम से**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 12 काजल का कमाल

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

   (क) (ii) मटमैले (ख) (i) बादल के पास (ग) (i) काजल (घ) (iii) सात

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो:**

   (क) चिड़िया क्यों रो रही थी?
   चिड़िया अपने मटमैले पंखों के कारण उदास होकर रो रही थी।

   (ख) बरगद ने चिड़े से क्या करने को कहा?
   बरगद ने चिड़े को कोयल के पास जाने के लिए कहा।

   (ग) चिड़े के आते ही मैना क्यों बड़बड़ाने लगी?
   चिड़े के आते ही मैना बड़बड़ाने लगी, क्योंकि वह चिड़े को काजल नहीं देना चाहती थी।

   (घ) बादल ने चिड़े से क्या काम करने को कहा?
   बादल ने चिड़े को पानी लाने के लिए कहा।

   (ङ) चिड़ा बादल के पास क्या माँगने गया था और क्यों?
   चिड़ा बादल के पास चिड़िया के लिए काजल लेने गया था।

   (च) बादल ने खुश होकर चिड़े को क्या दिया और क्यों?
   बादल ने चिड़े को काजल दिया ताकि वह उस काजल को चिड़िया को दे सके। चिड़िया उस काजल से अपने पंख रंगना चाहती थी।

**पाठ से आगे**

स्वयं कीजिए।

**रंगों की पहचान**

**सभी रंगों की अलग-अलग पहचान होती है। क्या आप निम्न रंगों की पहचान बता सकते हैं?**

| लाल | काला | सफेद | हरा | पीला |
|---|---|---|---|---|
| टमाटर | बादल | खरगोश | पत्ती | पपीता |
| सेब | काजल | मूली | मिर्च | सूरजमुखी का फूल |

**भाषा-ज्ञान**

1. **'छोटी-छोटी' और 'ऊँचे-ऊँचे' शब्द-युग्म हैं। इन्हें एक ही शब्द का दो बार प्रयोग कर बनाया गया है। इसी प्रकार पाठ में आए शब्द युग्म छाँटो।**

   नीचे – नीचे दाना–दाना पल–पल
   आदमी–आदमी पत्ती–पत्ती अलग–अलग

2. **सही शब्द से वाक्य पूरे करो:**

   (क) के (ख) का (ग) में (घ) से (ङ) के लिए, पर

3. **रेखांकित शब्द का विलोम लिखकर वाक्य पूरे करो:**

   (क) बड़े पत्थरों के नीचे छोटे पत्थर दब गए।
   (ख) मूर्ख मित्र से बुद्धिमान शत्रु अच्छा होता है।
   (ग) आम मीठा और करेला कड़ुवा होता है।
   (घ) व्यापार में कभी लाभ तो कभी हानि होती ही है।
   (ङ) सत्य के सामने असत्य का कोई अस्तित्व नहीं होता।

4. **निम्न शब्दों के लिंग बदलो:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चिड़िया – | चिड़ा | बुढ़िया – | बूढ़ा |
| मोरनी – | मोर | डिबिया – | डिब्बा |
| कवयित्री – | कवि | नायिका – | नायक |

**5. नीचे दिए मुहावरों के अर्थ लिखोः**

आँखें खुलना – समझ आना।

आसमान से बातें करना – बहुत ऊँचा होना।

ऊँट के मुँह में जीरा – बहुत कम वस्तु।

घी के दीए जलाना – खुशी मनाना।

**शब्दों में खेल**

**'काशीफल' शब्द में चार शब्द छिपे हैं – काशी, फल, काल, शील। इसी प्रकार पाठ में आए तीन शब्द ढ़ूँढो जिनमें कम से कम दो शब्द छिपे हों।**

काजल – काल जल

बादल – बाल दल

उदास – दास सदा

**हाथों का कमाल**

स्वयं कीजिए।

**थोड़ा कुछ आपके लिए**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 13 कोई नहीं पराया

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) मानवता पर (ख) (iv) शृंगार (ग) (iii) प्यार (घ) (i) जंग लगी

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दोः**

(क) कविता में कवि किसे अपना घर मानता है?

कविता में कवि सारे संसार को ही अपना घर मानता है।

(ख) कवि किसे अपना आराध्य मानता है?

कवि अपने घर-द्वारा को ही अपना आराध्य मानता है।

(ग) कवि को किस पर अभिमान है?

कवि को अपनी मानवता पर अभिमान है।

**2. कविता का मुख्य संदेश क्या हैः**

– संसार के सभी प्राणी समान हैं। [✔]

– सारा संसार अपना घर है। [ ]

– संसार के लोगों को ईश्वर की आराधना करनी चाहिए। [ ]

– सुख-दुःख आते-जाते हैं। [ ]

**3. नीचे कविता की कुछ पंक्तियाँ अस्त-व्यस्त हो गई हैं। इन्हें पढ़कर व्यवस्थित करोः**

(क) बस मैं कहता हूँ कि प्यार है तो घट-घट में राम है।

(ख) चलो इस तरह, कुचल न जाए पग से कोई शूल भी।

(ग) हँसो इस तरह, हँसे तुम्हारे साथ यह धूल भी।

**4. कविता में से खोजकर निम्न शब्दों के तुकांत शब्द लिखो:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गुलाम | – | लगाम | मनुजत्व | – | अपनत्व |
| इंसान | – | एहसान | संसार | – | प्यार |
| धूल | – | शूल | शृंगार | – | संसार |

**भाषा-ज्ञान**

**1. 'देवालय' शब्द 'देव' और 'आलय' दो शब्दों से मिलकर बना है। इसी प्रकार 'आलय' से बने शब्दों को लिखो:**

पुस्तकालय विद्यालय शिवालय

संग्राहयल हिमालय

**2. निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पराया | – | गैर | = | पराए भी अपने बन सकते हैं। |
| गुलाम | – | दास | = | गुलाम प्रथा का अंत हो चुका है। |
| अभिमान | – | घमंड | = | अभिमान करना अच्छी बात नहीं है। |
| शूल | – | काँटा | = | जीवन पथ पर शूलों का होना भी मुमकिन है। |
| अमरत्व | – | अमर होने का भाव | = | अमरत्व की बातें तो सभी करते हैं, पर अमरत्व का वरदान अभी तक किसी को नहीं मिला। |

3. स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 14 सूर्य ग्रहण

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) सूर्य ग्रहण की (ख) (ii) पानी (ग) (i) दिल्ली (घ) (iii) विज्ञान के

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दो:**

(क) दीपांशु क्या जानने के लिए लालायित था?

दीपांशु सूर्य ग्रहण के विषय में जानने के लिए लालायित था।

(ख) दीपांशु के अंकल क्या करते थे? उसने उनसे क्या पूछा?

दीपांशु के अंकल दिल्ली केंद्रीय विद्यालय में विज्ञान के प्रवक्ता थे। दीपांशु ने उनसे सूर्य ग्रहण के बारे में पूछा।

(ग) सूर्य ग्रहण क्या होता है?

जब चंद्रमा अपनी परिभ्रमण गति के दौरान पृथ्वी और सूर्य के बीच इस तरह आ जाए कि सूर्य का कुछ भाग पृथ्वी से दिखाई न दे सके, तो इस स्थिति को सूर्य ग्रहण के रूप में जाना जाता है।

(घ) दिन और रात कैसे बनते हैं?

दिन और रात पृथ्वी की दैनिक अथवा घूर्णन गति के कारण बनते हैं।

(ङ) चंद्र ग्रहण क्या होता है?

जब पृथ्वी चंद्रमा और सूर्य के बीच में आ जाती है। इस अवस्था में सूर्य से चंद्रमा की ओर जाने वाला प्रकाश रुक जाता है। उस समय चंद्रमा पर पृथ्वी की छाया पड़ती है। इस स्थिति को चंद्र ग्रहण कहते हैं।

(च) पृथ्वी पर जीवन का आधार क्या है?

सूर्य ही पृथ्वी पर जीवन का आधार है।

**2. पाठ पढ़ने के बाद आपके मन में कौन-कौन से प्रश्न उत्पन्न हुए? उनमें से कोई चार प्रश्न बताओ और उनके उत्तर अपने अध्यापकों से जानो।**

स्वयं कीजिए।

**3. कारण बताओ:**

(क) वर्षा के समय सूर्य क्यों दिखाई नहीं देता?

क्योंकि उसके सामने बादल फैले हुए होते हैं।

(ख) तारे दिन में क्यों दिखाई नहीं देते हैं?

क्योंकि दिन में सूर्य तेजी से चमकता है तथा उसके तीव्र प्रकाश में तारे दिखाई नहीं पड़ते हैं?

(ग) चंद्र ग्रहण पूर्णिमा के दिन ही क्यों पड़ता है?

क्योंकि इसी दिन पृथ्वी चंद्रमा तथा सूर्य के बीच में आती हैं।

**भाषा-ज्ञान**

**1. उदाहरण के अनुसार शब्द बनाओ:**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स् | + | त्र | = | स्त | – | वास्तविक | स्तर | प्रस्तर |
| द् | + | र | = | द्र | – | चंद्र | दरिद्र | कद्र |
| क् | + | क | = | क्क | – | चक्कर | पक्का | मक्का |
| ध् | + | य | = | ध्य | – | ध्यान | मध्य | अध्याय |
| न् | + | न | = | न्न | – | प्रसन्न | अन्न | पन्नी |

**2. दिए गए शब्दों के बहुवचन बनाओ:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| घंटा | – | घंटे | गोला | – | गोले |
| किरण | – | किरणें | आँख | – | आँखें |
| परछाई | – | परछाइयाँ | स्थिति | – | स्थितियाँ |

**3. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ:**

ग्रहण – चंद्र ग्रहण पूर्णिमा को पड़ता है।

परिक्रमा – पृथ्वी सूर्य के चारों तरफ परिक्रमा करती है।

ऊष्मा – सूर्य से आने वाली ऊष्मा पानी को भाप में बदल देती है।

**4. प्रत्येक शब्द के तीन-तीन पर्यायवाची लिखो:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सूरज | रवि | दिनकर |
| चंद्रमा | चाँद | चंद्र | शंशाक |
| पृथ्वी | धरा | धरती | वसुंधरा |
| प्रकाश | उजाला | रोशनी | |
| रात | रात्रि | निशा | रजनी |

**5. दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाओ:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सूर्यग्रहण | सूर्यवंश | सूर्यकांत |
| चंद्र | चंद्र ग्रहण | चंद्रवंश | चंद्रकांत |
| दीप | दीपक | दीपदान | दीपांकुर |
| जीव | जीवन | जीवात्मा | जीवट |

**6. प्रत्येक चिह्न वाले तीन-तीन शब्द लिखो:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रू | रूका | रूप | रूई | अमरूद |
| रु | रुचि | पुरुष | रुक | आरुषि |
| | सूर्य | धर्म | अर्थ | मर्द |
| | ट्रक | ड्रम | ट्रैकटर | ड्रामा |
| | ग्रहण | अग्र | भ्रमण | भ्राता |
| | पृथ्वी | कृपा | कृषि | मृष |

**अपनी कलम से**

1. **"सूर्य क्या है?" विषय पर संक्षिप्त नोट लिखो।**

   सूर्य जलती हुई गैसों का विशाल गोला है। यह एक तारा है। यह अपने स्थान पर स्थिर है। सूर्य से निरंतर बड़े पैमाने पर ऊष्मा एवं प्रकाश का उत्सर्जन होता है। सूर्य की किरणें पृथ्वी धरातल तक पहुँचने में लगभग साढ़े आठ मिनट का समय लेती हैं। सूर्य ही पृथ्वी पर जीवन का आधार है। सौर परिवार के सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं।

2. **"यदि सूर्य न होता तो.............. इस विषय पर अपने विचार लिखो!**

   यदि सूर्य न होता तो पृथ्वी पर ऊष्मा एवं प्रकाश की अनुपस्थिति के कारण अंधकार का वास होता और तापमान जमाव बिंदु से भी नीचे होता। दिन और रात की प्रक्रिया का अभाव होता। पृथ्वी पर वायु, जल एवं ऊर्जा की अनुपस्थिति के कारण जीवन का चिह्न तक न होता। अत: सूर्य ही पृथ्वी पर जीवन का आधार है।

**इसे भी जानो**

स्वयं कीजिए।

**हाथों का कमाल**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 15 श्रेया की कनाडा यात्रा

**प्रश्न-पिटारी**

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न**

   (क) (iii) शियांशी (ख) (ii) कनाडा (ग) (ii) पंद्रह दिन (घ) (i) नियागा प्रपात

1. **पढ़ो, समझो और उत्तर दो:**

   (क) श्रेया खुशी से क्यों झूम उठी थी?

   श्रेया डाकिए द्वारा लाए गए लिफाफे को पाकर खुशी से झूम उठी।

   (ख) श्रेया कनाडा कैसे पहुँची?

   श्रेया कनाडा वायुयान द्वारा पहुँची।

   (ग) सबसे पहले शियांशी श्रेया को कहाँ घुमाने ले गई?

   सबसे पहले शियांशी श्रेया को टोरंटो घुमाने ले गई।

   (घ) सी.एन.टॉवर देखकर श्रेया आश्चर्य में क्यों पड़ गई?

   श्रेया सी.एन.टॉवर की सुंदरता तथा ऊँचाई को देखकर आश्चर्य में पड़ गई थी।

   (ङ) श्रेया को टोरंटो के विषय में जानकारी कहाँ से मिली?

   श्रेया को टोरंटो के विषय में जानकारी रैंप दिखाई देने वाले चित्रों अथवा तस्वीरों से मिली।

   (च) वे नियाग्रा प्रपात तक कैसे पहुँचे?

   वे टैक्सी तथा बस पकड़ कर नियाग्रा जल प्रपात तक पहुँचे।

2. **'नियाग्रा प्रपात' का संक्षेप में परिचम और उसकी विशेषता बाताओ।**

   यह जल प्रपात 50 फुट ऊँचा है। इससे पानी गिरने पर धुंध का बादल सा उठता है। इस झरने के पीछे काँच की सुरंग बनी है जिसमें बड़े-बड़े स्टीमर चलते हैं। अत: यह जल प्रपात विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है।

3. **सही वाक्य पर ( ✔ ) और गलत पर ( ✗ ) लगाओ:**

   (क) ✗ (ख) ✔ (ग) ✔ (घ) ✗ (ङ) ✔ (च) ✔

**अपनी कलम से**

स्वयं कीजिए।

**भाषा-ज्ञान**

**1. 'भारत' संज्ञा शब्द है और भारतीय विशेषण शब्द है। इसी प्रकार निम्न शब्दों से विशेषण शब्द बनाओ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जीव | – | जीवित | मानव | – | मानवीय |
| बनावट | – | बनावटी | अज्ञान | – | अज्ञानी |
| घमंड | – | घमंडी | बनारस | – | बनारसी |

**2. ध्यानपूर्वक पढ़ो:**

स्वयं कीजिए।

**3. निम्न शब्दों के लिंग बदलो:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भाई | – | बहन | पापा | – | मम्मी |
| बालक | – | बालिका | नायक | – | नायिका |
| सखा | – | सखी | अध्यापक | – | अध्यापिका |

**4. निम्न उपसर्गों से शब्द रचना करो:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अप | – | अपमान | अपराध | अपवर्तन |
| उप | – | उपकार | उपजाऊ | उपहार |
| नि | – | निडर | निर्मल | निकृष्ट |
| ला | – | लाजवाब | लाइलाज | लाचार |

**5. निम्न प्रत्ययों से शब्द रचना करो:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आहट | – | घबराहट | मुस्कराहट | बुदबुदाहट |
| आई | – | पढ़ाई | लिखाई | जमाई |
| वाला | – | दूधवाला | फलवाला | खिलौनेवाला |
| कर | – | सोकर | बोकर | धोकर |

**हाथों का कमाल**

स्वयं कीजिए।

## अध्याय - 16 मिल गया झरना

**प्रश्न-पिटारी**

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) (i) दुष्ट (ख) (i) वृद्धों को छोड़ने का (ग) (i) पछतावा (घ) (iii) घर ले गया

**1. पढ़ो, समझो और उत्तर दो:**

(क) बादशाह गुलाक रशीद ने क्या ऐलान कराया?

बादशाह गुलाक रशीद ने ऐलान करवाया कि लोग बड़े-बूढ़ों को मौत की घाटी में छोड़ आएँ, क्योंकि वे किसी काम के नहीं होते हैं।

(ख) बादशाह के सैनिक ने अपने बूढ़े पिता को मौत की घाटी में क्यों नहीं छोड़ा?

बादशाह के सैनिक ने अपने बूढ़े पिता को मौत की घाटी में इसलिए नहीं छोड़ा, क्योंकि वह अपने कर्त्तव्य तथा बुढ़ापे की सच्चाई के बारे में समझ गया था।

(ग) वृद्ध होने पर बादशाह ने वजीर से कहाँ तथा क्यों चलने को कहा?

वृद्ध होने पर बादशाह ने अपने वजीर से आबे जम जम चलने को कहा। यह एक ऐसा झरना था जिसके पानी से मरा हुआ भी जीवित हो जाता था।

(घ) लड़के के पिता ने बादशाह की इच्छा जानने पर लड़के से क्या करने की कहा?

लड़के के पिता ने कहा कि एक संदूक में मुझे बंद करके अपने साथ ले चलो तथा एक बैल को भी अपने साथ ले जाना होगा।

(ङ) लड़के ने जीवन देने वाले झरने का पता कैसे लगाया?
लड़के ने मरी हुई मछली के माध्यम से जीवन देने वाले झरने का पता लगाया।

(च) बादशाह को किस बात का पछतावा हुआ? उसने क्या किया?
बादशाह को अनेक बुजुर्गों को समय से पहले ही मरने को मजबूर करने के लिए स्वयं पर पछतावा हो रहा था। क्योंकि उन बुजुर्गों के साथ ही उनकी अमूल्य अनुभव भी चले गए थे। अत: उसने ऐलान करवाया कि आगे से किसी भी बुजुर्ग को मौत की घाटी में न भेजा जाए।

**2. सोचकर बताओ, क्या होता यदि –**

(क) लड़का अपने बूढ़े पिता को मौत की घाटी में छोड़ आता।
लड़का अपने पिता के अमूल्य अनुभवों का लाभ उठाकर कभी इनाम न पाता।

(ख) बादशाह को सैनिक द्वारा अपने पिता को छिपाकर रखने की बात पता चल जाती।
बादशाह उसे कठोर दंड देता।

(ग) सैनिक अपने साथ अपने बूढ़े पिता को न ले जाता।
आबे जम-जम नामक झरना कभी न मिल पाता।

(घ) आबे जम-जम वाले झरने का पता न चलता।
बादशाह तथा अन्य लोग पवित्र जल पीने से वंचित रह जाते।

**कौन है?**

- **नीचे कुछ संज्ञा पद दिए गए हैं। बताओ ये क्या हैं?**

गुलाम – खरीदा हुआ दास
सैनिक – सेना का सिपाही
बादशाह – राज्य का मुखिया
वजीर – राजा का प्रधान मंत्री
सेनापति – सेना का मुखिया

**भाषा-ज्ञान**

**1. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो अर्थ लिखो :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल | आने वाला दिन | गति | चलना |
| | पुरजा | | दशा |
| जल | पानी | भेद | अंतर |
| | जलना | | भेदने की क्रिया |

**2. नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं। संज्ञा शब्द ( नाम ) के स्थान पर सर्वनाम का प्रयोग कर लिखो:**

(क) उसका एक वृद्ध वजीर था।
(ख) वह बहुत ही दुष्ट बादशाह था।
(ग) तुम वही करो जो मैंने कहा है।
(घ) उसने पेट भर पानी पिया।

**3. निम्न वाक्यों से भाववाचक संज्ञा छाँटो:**

(क) दुष्टता (ख) प्यास (ग) गहराई (घ) थकान
(ङ) मूर्खता, पश्चाताप

**4. नीचे दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में और भाववाचक संज्ञा को विशेषण में बदलो:**

| विशेषण | | भाववाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा | | विशेषण |
|---|---|---|---|---|---|
| कुटिल | – | कुटिलता | कायरता | – | कायर |
| सफेद | – | सफेदी | कठिनाई | – | कठिन |
| महान | – | महानता | स्वास्थ्य | – | स्वस्थ |
| ऊँचा | – | ऊँचाई | मधुरता | – | मधुर |

**5. निम्न वाक्यों की क्रिया का काल बताओ:**

(क) भूतकाल (ख) भूतकाल (ग) वर्तमान काल (घ) भूतकाल

(ङ) भविष्यत् काल (च) भूतकाल

**अपनी कलम से**

**1. यदि आप बादशाह गुलाक रशीद को एक परोपकारी राजा के रूप में देखें तो आप उसका चित्रण किस प्रकार करेंगे।**

यदि बादशाह गुलाक रशीद एक परोपकारी राजा होता तो वह बुजुर्गों या बूढ़ों के रहन–सहन में सुधार लाने का प्रयास करता। उनके लिए कई प्रकार की सुविधाएँ जुटाता तथा उनके अनुभवों का लाभ उठाकर एक महान परोपकारी एवं लोकप्रिय राजा बन जाता।

**2. कथा में सैनिक का पात्र आपको कैसा लगा? उसके विषय में चार पंक्तियाँ लिखो।**

सैनिक एक श्रेष्ठ पात्र है। उसने अपने पिता के अंदर के दर्द तथा भावों को समझा तथा उसे मौत की घाटी में न छोड़ने का निर्णय लिया। उसने पिता की आज्ञा मानी तथा उसके बल पर आबे जम जम झरने को सरलता से ढूँढ निकाला। राजा से सम्मान तथा ईनाम पाया। उसे अपनी भूल पर पछताने के लिए विवश किया।

**हाथों का कमाल**

स्वयं कीजिए।

## आदर्श प्रश्न–पत्र–1

**क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. बादलों ने आकाश को सलौने चित्र बनाकर सजाया।
2. अकबर ने बीरबल के सामने आकाश में महल बनाने की इच्छा रखी।
3. योगी संतोष नामक वस्तु लेकर राजा के पास आया।
4. गधे ने लोगो को धोखा देने के लिए शेर की खाल पहनी।

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर विस्तार से दीजिए:**

सेना से लोहा लिया उसे परास्त किया। जार्ज की बहादुरी के चर्च पूरे अमेरिका में होने लगे। साथ ही साथ जार्ज का पूरा अमेरिका दीवाना भी हो गया था।

**अथवा**

लुई बेल ने अंधों के लिए ब्रेल लिपि का विकास किया। इस लिपि के कारण नेत्रहीन लोगों के लिए पढ़ना–लिखना सभंव हो गया अत: लुई ब्रेल का इसी कारण आज भी दुनिया आदर करती है।

**ग. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए:**

(1) वचन – घंटे, किरणें, गोले, पंखे

(2) लिंग – नायक, मोर, कवि, बूढ़ा

(3) पर्यायवाची

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य | – | सूरज, भानू | चन्द्रमा | – | चाँद, राशि |
| पृथ्वी | – | भू, भूमि | प्रकाश | – | उजाला, ज्योति |

(4) विपरीतार्थक शब्द

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दृश्य | – | अदृश्य | शांति | – | अशांति |
| सभ्य | – | असभ्य | प्रत्यक्ष | – | अप्रत्यक्ष |

(5) प्रत्यय लगाकर चार शब्द

पालनहारा, खिलौना, घटिया, लिखाई

**घ. निम्नवाक्यांशों के लिए शब्द लिखिए:**

(1) अनाथ (2) महावत (3) दूरदर्शी (4) नविक (5) घुड़सवार

**ङ. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों प्रयोग कीजिए:**

(1) नीचा दिखाना – अपमानित करना

धन के घमंड में आकर हमें दूसरो को नीचा नही दिखाना चाहिए।

(2) मुँह ताकना – दूसरों पर आश्रित होना

रामू हमेशा बड़े लोगो का मुँह ताकता रहता है।

(3) पैर उखड़ जाना – लड़ाई के आगे ठहर न पाना

अंग्रेजों के क्रांति की लड़ाई में भारतीयों के आगे पैर उखड़ गए।

(4) मुहँ फेर लेना – बदल जाना

अमीर होन पर राहुल ने जब अपने गरीब मित्र रोहन को देखा तो मुँह फेर लिया।

(5) दाँत काटी रोटी होना – घनिष्ट मित्रता होना

मेरे गाँव मे दो पक्के मित्र हैं जो दाँत काटी रोटी हैं।

**ङ. उचित कारक चिह्नों से वाक्य पूरे कीजिए:**

(1) के (2) में (3) से (4) का (5) के लिए

**च. निम्नलिखित वाक्यों वाक्यों में से भाववाचक संज्ञाए छाँटकर लिखिए:**

(1) दुष्टता (2) व्याकुल (3) गहराई (4) थकान (5) मूर्खता